नैया लगा दो आके पार थाम लो मेरी पतवार लिरिक्स

नैया लगा दो आके पार,

ओ खाटू वाले ओ खाटू वाले,
थाम लो मेरी पतवार ओ बाबा,
नईया लगा दो आके पार।bd।

कश्ती हमारी डूब ना जाए,
तेरे सिवा इसे कौन बचाये,
खाटू वाले लीले वाले,
तुझसा खिवैया जब हो कन्हैया,
क्या करे लहरों की धार कन्हैया,
नईया लगा दो आके पार।bd।

कदम कदम पर ठोकर खायी,
अपनी बातें सबको सुनाई,
खाटू वाले लीले वाले,
मुझ निर्बल का मुझ निर्धन का,
बन जाओ तारणहार कन्हैया,
नईया लगा दो आके पार।bd।

हमको भरोसा तुझ पर दाता,
तू ही मेरा भाग्य विधाता,
मेरे बाबा मेरे बाबा,
हम हैं तुम्हारे तुम हो हमारे,
'कुंदन' कहे ये बार बार कन्हैया,
नईया लगा दो आके पार।bd।

ओ खाटू वाले ओ खाटू वाले,
थाम लो मेरी पतवार ओ बाबा,
नैया लगा दो आके पार,
नईया लगा दो आके पार।bd।

Singer – Toshi Kaur

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com